भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3800
(16 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

अन्नपूर्णा योजना

3800. श्री रमेश चन्द्र माझीः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2017-18 हेतु ओडिशा को अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत चावल और धनराशि का केंद्रीय आवंटन जारी किया है जिसे राज्य के पूल से राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों को पहले ही संवितरित किया जा चुका है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और
(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार वित्त वर्ष 2017-18 हेतु अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत ओडिशा को चावल और धनराशि का केंद्रीय आवंटन जारी करेगी?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) और (ख): अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए ओडिशा राज्य को 7243.285 टन चावल आवंटित किया गया है। इसके अलावा, अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए ओडिशा राज्य के लिए 552.61 लाख रु. की राशि रिलीज करने का अनुमोदन किया गया है।

*****